# कार्यालय संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान,

भदभदा रोड, भोपाल–462003

दूरभाष : 0755–2674278, ई–मेल : dirvvnp.bpl@mp.gov.in

क्रमांक/प्रबंध/2785 भोपाल, दिनांक/11/09/2024

प्रति,

प्राचार्य

.........................................................

.........................................................

भोपाल म.प्र.

**विषयः–राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह–2024 का आयोजन।**

वन्यजीवन के प्रति रूचि तथा अपनत्व की भावना विकसित करने के साथ–साथ वन्यप्राणियों के संरक्षण तथा संवर्धन में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वन्यजीव सप्ताह 01 से 07 अक्टूबर तक हर वर्ष सम्पूर्ण भारत में मनाया जाता है। प्रकृति में वनों के साथ–साथ वन्यजीवों का अपना महत्व है। प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने के लिये वन्यजीवों के प्रति व्यवहारिक दृष्टिकोण की आज अत्यधिक आवश्यकता है। पूर्व वर्षों में मध्य प्रदेश के सभी जिलों में वन्यजीव सप्ताह पूरी गरिमा एवं निष्ठा के साथ वन विभाग द्वारा क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं तथा शासकीय एवं गैर–शासकीय संस्थाओं/संगठनों के साथ मिलकर समारोह के रूप में मनाया जाता रहा है, जिसमें सभी वर्ग के लोग शामिल होते रहे है।

भोपाल में विगत कई वर्षो से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं जू, भोपाल द्वारा राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी वन्यजीव सप्ताह के दौरान वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल द्वारा वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रचार–प्रसार के लिये विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिये आयोजित की जानी वाली गतिविधियों/प्रतियोगिताओं का विवरण निम्नानुसार है:–

## राज्य स्तरीय वन्यजीव संरक्षण सप्ताह – 2024

### कार्यक्रम (01 से 07 अक्टूबर 2024 )

| Date | Categories & Events | Time | Venue |
|---|---|---|---|
| 01.10.24<br>मंगलवार | राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 2024 का शुभारंभ<br>Inauguration of State Wildlife Week 2024 | 10:30 AM | विहार वीथिका<br>Vihar Vithika, |
| | चित्रकला प्रतियोगिता<br>PAINTING COMPETITION<br>(1) कक्षा 1 से 4 तक<br>Students of Class I to IV<br>विषय–''मेरा पंसदीदा वन्यजीव''<br>**Subject-** "My Favourite Wild Animal"<br>(2) कक्षा 5 से 8 तक<br>Students of Class V to VIII<br>विषय–''पक्षी एवं उनके घोंसले''<br>**Subject-** "Birds and their nest"<br>(3) कक्षा 9 से 12 तक<br>Students of class IX to XII<br>विषय–''हमारी संस्कृति एवं वन्यजीव''<br>Subject:- "Our Culture and Wildlife"<br>(4) महाविद्यालयीन छात्र–छात्राएँ<br>College Students<br>विषय– ''पर्यावरण के लिए जीवन शैली''<br>**Subject-** "Life style for environment"<br>(5) दिव्यांग<br>Specially abled<br>विषय–वन एवं वन्यजीव<br>**Subject-** Forest and Wildlife | 10:30 AM – 12:30 PM | विहार वीथिका<br>वन विहार<br>Vihar Vithika, Van Vihar |

| Date | Categories & Events | Time | Venue |
|---|---|---|---|
| | मध्यप्रदेश में वन्यजीव रहवास फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं फोटोग्राफी प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता<br>Inauguration of Habitat of animal in M.P. Photo Exhibition. Photography Exhibition cum Competition | 10:50 AM | विहार वीथिका<br>वन विहार<br>Vihar Vithika, Van Vihar |

**चित्रकला प्रतियोगिता – दिनांक 01.10.2024** को आयोजित होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रत्येक विद्यालय/महाविद्यालय से प्रत्येक श्रेणी में अधिकतम 20 प्रतिभागियों के नाम कक्षा व समन्वयक शिक्षक का नाम व मोबाइल नम्बर सहित दिनांक 28.09.2024 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल को समक्ष में उपस्थित होकर अथवा ईमेल dirvvnp.bpl@mp.gov.in के माध्यम से उपलब्ध कराना होगी। दिनांक 01.10.2024 को प्रतिभागियों को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में प्रातः 09:30 बजे उपस्थित होना है। प्रतियोगिता के उपयोग में आने वाली सभी सामग्री (ड्राइंग शीट को छोड़कर) प्रतिभागी स्वयं अपने साथ में लायेंगे। ड्राइंग शीट आयोजक (वन विहार प्रबंधन) द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। कृपया सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों के साथ प्रभारी शिक्षक/शिक्षिका अवश्य हों, जो विद्यार्थियों के नाम, कक्षा एवं विद्यालय/महाविद्यालय की जानकारी से संबंधित सूची आयोजकों को उपलब्ध करा सकें। यदि किसी कारणवश विद्यार्थियों के साथ शिक्षक नहीं आ सकें, तो प्राचार्यगण उन विद्यार्थियों की, जो प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे की अतिरिक्त सूची अपने हस्ताक्षर एवं सील से प्रमाणित कर विद्यार्थियों के साथ भेज सकते हैं। प्रतिभागियों के आने एवं वापस जाने की व्यवस्था सम्बंधित विद्यालय/महाविद्यालय/अभिभावकों द्वारा की जावेगी।

**मध्यप्रदेश में वन्यजीव रहवास फोटो प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता–** दिनांक 01.10.2024 को राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह के दौरान 1 से 7 अक्टूबर तक लगने वाली फोटो प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में सभी उम्र के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। मध्यप्रदेश में वन्यजीव रहवास की फोटो, मध्यप्रदेश के ही स्थलों की होना चाहिए। एक प्रतिभागी की अधिकतम पॉच प्रविष्टियॉ ही मान्य होंगी जिन्हें प्रतियोगी द्वारा **12"X 18"** साइज की फॉरेक्स शीट पर प्रिंट करा कर इस कार्यालय में पोस्ट से अथवा कार्यालयीन दिवस एवं समय में स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 26.09.2024 के पूर्व जमा करानी होगी। प्रतियोगिता हेतु दी जा रही फोटो प्रतिभागी द्वारा स्वयं खीचीं गई होना चाहिए तथा किसी अन्य व्यक्ति या किसी अन्य संस्था द्वारा खीचीं गई फोटो मान्य नहीं होगी। प्रतियोगिता में मान्य सभी फोटोग्राफ्स वन्यजीव सरंक्षण सप्ताह के दौरान प्रदर्शित किये जाऐंगे एवं सर्वश्रेष्ठ 3 फोटोग्राफ के प्रतिभागियों को ही पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतिभागी द्वारा निम्न तरीके से खीचीं गई फोटो इस प्रतियोगिता में मान्य नहीं होगी, यथा –

- किसी भी वन्यजीव को आकर्षित करने हेतु प्रलोभन दिया जाकर खीची गई फोटो एवं
- एडिटेड फोटो मान्य नहीं होगी।

प्रतिभागी द्वारा वन विहार प्रबंधन द्वारा फोटो की साफ्ट कॉपी मॉंगे जाने पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं राज्य स्तरीय वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के समापन उपरांत फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों की प्रविष्टियों को छोड़कर अन्य प्रतिभागी अपनी फोटो दिनांक 15.10.2024 के उपरांत कार्यालयीन दिवस व समय में कार्यालय में उपस्थित होकर वापस प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता में आने वाली समस्त प्रविष्टियों पर किसी भी स्तर पर उक्त नियमों के उल्लंघन पाये जाने पर प्रविष्टि अमान्य कर दी जावेगी चाहे उस प्रविष्टि को प्रतियोगिता में पुरस्कार ही क्यों न मिला हो। इस सबंध में अंतिम निर्णय वन विहार प्रबंधन आयोजनकर्ता संस्थान का ही मान्य होगा एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे प्रतियोगिता हेतु बनाये गये समस्त नियमों को समझ कर पालन करते हुये ही प्रविष्टियॉ इस कार्यालय को प्रेषित करें तथा टीप करें कि उनके द्वारा प्रतियोगिता हेतु समस्त नियम एवं शर्तों का पालन किया गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 02.10.24<br>बुधवार | पक्षी अवलोकन<br>Bird watching | 6:00 AM to 8:30 AM | वन विहार<br>Van Vihar |
| | जन जागरूकता हेतु सृजनात्मकता कार्यशाला सह प्रतियोगिता (विद्यालयीन विद्यार्थियों हेतु)<br>Creative workshop cum competition for public awareness (for school students)<br>**विषय–** क्ले मॉडलिंग, पेपर क्राफ्ट (कक्षा 4 से 8 तक)<br>बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट (कक्षा 9 से 12 तक)<br>**Subject-** Clay modelling, paper craft ( For class IV to VIII) best out of waste (For class IX to XII) | 10:30 AM to 12:30 PM | वन विहार<br>Van Vihar |
| | "टाईगर वॉक"<br>"Tiger walk" (Open for all) | 03:00 PM to 04:00 PM | टी.टी. नगर स्टेडियम से आरम्भ होकर लाल परेड ग्राउण्ड तक |

**पक्षी अवलोकन एवं जैवविविधता शिविर** – दिनांक 02.10.2024 को प्रातः 06:00 बजे वन विहार में **निःशुल्क पक्षी अवलोकन शिविर** आयोजित होगा, जिसमें विषय विशेषज्ञ जानकारियाँ देंगे। पक्षी एवं पर्यावरण हितैषी तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र/छात्राएं अपना पंजीयन विद्यालय के माध्यम से अथवा सीधे दिनांक 28.09.2024 तक कार्यालय संचालक वन विहार में उपस्थित होकर अथवा ईमेल dirvvnp.bpl@mp.gov.in के माध्यम से करायेंगे । जो व्यक्ति पक्षी अवलोकन एवं जैवविविधता शिविर हेतु पंजीयन करावेगें, वह वन विहार के गेट क्रमांक–2 (भदभदा की ओर) से विहार वीथिका में उपस्थित होगें। यह शिविर सीमित संख्या (अधिकतम 60) में ही प्रतिभागियों के लिये होगा अतः **"प्रथम आएँ – प्रथम पाएँ"** के सिद्धांत पर भागीदारी दी जावेगी।

**जागरूकता हेतु सृजनात्मकता कार्यशाला सह प्रतियोगिता** – दिनांक 02.10.2024 को प्रातः 10.30 बजे से 12.30 बजे तक विद्यालयों के छात्र/ छात्राओं को अपनी कला की अभिव्यक्ति हेतु यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में अधिकतम 50 प्रतिभागियों को प्रथम आओ प्रथम पाओ के सिद्धांत पर प्रविष्टि दी जावेगी। कक्षा 4 से 8 तक के लिये आयोजित पेपर क्राफ्ट एवं क्ले मॉडलिंग हेतु प्रतिभागी को आवश्यक सामग्री वन विहार में उपलब्ध करायी जावेगी। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों हेतु आयोजित बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागियों को आवश्यक सामग्री स्वयं अपने साथ लाना होगी। संस्था प्रमुख उपरोक्त गतिविधि में पारंगत छात्र एवं छात्राओं की सूची ( छात्र एवं छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक / शिक्षिका का नाम व मोबाइल नम्बर सहित) दिनांक 28.09.2024 तक वन विहार भेजने का कष्ट करें।

**टाइगर वॉक** – जन जागरूकता के लिए टाइगर वॉक दिनांक 02.10.2024 को दोपहर 3.00 से 4.00 बजे तक टी.टी. नगर स्टेडियम से लाल परेड ग्राउंड तक आयोजित की जावेगी इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी दिनांक 30.09.2024 तक वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, भोपाल में पंजीयन करा सकते हैं। सामान्य वन मण्डल, भोपाल के कार्यालय में मोबाइल क्र. 9424790594 से सम्पर्क स्थापित कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03.10.24 गुरूवार | पक्षी अवलोकन<br>Bird watching | 6:00 AM to 8:30 AM | वन विहार<br>Van Vihar |
| | रंगोली प्रतियोगिता (V to VIII)<br>विषय–"मध्यप्रदेश के वन्यजीव"<br>**Rangoli Competition (V to VIII)**<br>**Subject-** Wild Animals of Madhya Pradesh<br>**रंगोली प्रतियोगिता (कक्षा 9 से महाविद्यालयीन स्तर तक)**<br>**Rangoli Competition (form class 9 to collage level)**<br>**विषय**–"शहरी भू भाग में बाघ" **Subject-** Tiger in urban landscape | 10:00 AM to 12:00 AM | वन विहार<br>Van Vihar |
| | फोटोग्राफी प्रतियोगिता Photography competition<br>(कक्षा 5 से 8 एवं कक्षा 9 से महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए)<br>(For school class (V to VIII) and Class IX to College level))<br>विषय– वन विहार Theme- Van Vihar | 07:00 AM to 01:00 PM soft copy to be submitted from 10:00 AM to 1:30 PM in the office | वन विहार<br>Van Vihar |
| | वाद–विवाद प्रतियागिता (विद्यालयीन)<br>Debate competition (School)<br>**विषय**– "विलुप्त प्राय प्रजातियों के संरक्षण को 'आर्थिक विकास' से ज्यादा प्राथमिकता दी जानी चाहिए"<br>**Subject-** "Conservation of endangered species should be given more priority than 'economic development'" | 10:30 AM to 12:30 PM | वन विहार<br>Van Vihar<br>W.W.F. |

**पक्षी अवलोकन शिविर** – दिनांक 03.10.2024 को प्रातः 06:00 बजे वन विहार में **निःशुल्क पक्षी अवलोकन शिविर** आयोजित होगा, जिसमें विषय विशेषज्ञ जानकारियाँ देंगे। पक्षी एवं पर्यावरण हितैषी तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र/छात्राएं अपना पंजीयन विद्यालय के माध्यम से अथवा सीधे दिनांक 28.09.2024 तक कार्यालय संचालक वन विहार में **उपस्थित होकर अथवा ईमेल** dirvvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** करायेंगे । जो व्यक्ति पक्षी अवलोकन एवं जैवविविधता शिविर हेतु पंजीयन करावेगें, वह वन विहार के गेट क्रमांक–2 (भदभदा की ओर) से विहार वीथिका में उपस्थित होगें। यह शिविर सीमित संख्या (अधिकतम 60) में ही प्रतिभागियों के लिये होगा अतः **"प्रथम आएँ – प्रथम पाएँ"** के सिद्धांत पर भागीदारी दी जावेगी।

**फोटोग्राफी प्रतियोगिता** – फोटोग्राफी प्रतियोगिता दिनांक 03.10.2024 को दो वर्गों (कनिष्ठ वर्ग कक्षा 5 से 8 एवं वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9 से महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं) हेतु आयोजित है जिसमें प्रतिभागी दिनांक 03.10.2024 को प्रातः 07:00 बजे से 01:00 बजे तक स्वयं के मोबाइल अथवा डिजिटल कैमरे से वन विहार में उपस्थित होकर गेट क्रमांक–2 पर पंजीयन कराने के उपरांत वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्यप्राणियों के फोटो

ले सकेगें। उसी दिवस समस्त प्रतिभागी उनके द्वारा वन विहार में खीचें गये फोटो में से केवल तीन फोटो संचालक, कार्यालय कम्प्यूटर कक्ष में प्रातः 10:00 से 01:30 बजे तक अपलोड करा सकेगें। प्रतिभागी फोटो अपलोड कराने हेतु अपने साथ केमरा कार्ड मोबाईल कोड एवं आवश्यक साफ्टवेयर भी लाएँगे। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र/छात्राएं अपना पंजीयन विद्यालय के माध्यम से अथवा सीधे दिनांक 28.09.2024 तक कार्यालय संचालक वन विहार में उपस्थित होकर अथवा ईमेल dirvvnp.bpl@mp.gov.in के माध्यम से (छात्र एवं छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक / शिक्षिका का नाम व मोबाइल नम्बर सहित) करायेंगे ।

**रंगोली प्रतियोगिता – दिनांक** 03.10.2024 को आयोजित होने वाली रंगोली प्रतियोगिता दो वर्गों (कनिष्ठ वर्ग कक्षा 5 से 8 एवं वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9 से महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं) हेतु आयोजित हैं। इसमें भाग लेने हेतु प्रत्येक विद्यालय /महाविद्यालय से अधिकतम 05 छात्र–छात्राओं की सूची ( छात्र एवं छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक / शिक्षिका का नाम मोबाइल नम्बर सहित) दिनांक 28.09.2024 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में इस कार्यालय समक्ष में उपस्थित होकर अथवा **ईमेल** dirvvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** भेजने का कष्ट करें। रंगोली प्रतियोगिता में दोनो वर्गो में अधिकतम 100–100 प्रतिभागियों को पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर प्रविष्टि दी जावेगी। **रंगोली हेतु सामग्री प्रतिभागी अपने साथ लायेंगे।** वन विहार में यह रंगोली मुख्य सड़क (डामरीकृत) पर उपलब्ध कराये गये स्थल पर उपरोक्त विषय अनुसार बनानी होगी। रंगोली में प्रस्तुत किये जा रहे वन्यप्राणियों के वास्तविक शारीरिक संरचना रंग आदि का रूपण महत्वपूर्ण होगा।

**विद्यालयीन वाद विवाद प्रतियोगिता– दिनांक 03.10.2024** को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित होने वाली विद्यालयीन विद्यार्थियों के लिये वाद–विवाद प्रतियोगिता, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल के विहार वीथिका में आयोजित की जावेगी। भाग लेने वाले सभी विद्यालय अपने विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वी तक के दो विद्यार्थियों (एक पक्ष एवं एक विपक्ष में) के नाम (छात्र/ छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक/शिक्षिका का नाम मोबाइल नम्बर सहित) इस कार्यालय को समक्ष में उपस्थित होकर अथवा मेल dirvvnp.bpl@mp.gov.in के माध्यम से भेजने का कष्ट करें। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यार्थी को 4+1 अर्थात् 5 मिनट का समय उक्त विषय पर बोलने के लिये प्रदान किया जावेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी उक्त विषय पर हिंदी अथवा अंग्रेजी विषय में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय तीन पुरस्कार पक्ष एवं विपक्ष में पृथक–पृथक प्रदान किये जावेगें। कृपया टीप करें कि आपके विद्यालय से केवल एक–एक विद्यार्थी का ही नाम पक्ष एवं विपक्ष हेतु भेजना सुनिश्चित करें। केवल पक्ष या विपक्ष हेतु नामांकन स्वीकार नहीं किये जावेगें। अधिक जानकारी के लिये मोबाइल नम्बर 9826241812 पर संपर्क कर सकते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04.10.24<br>शुक्रवार | वाद–विवाद प्रतियोगिता– (महाविद्यालयीन विद्यार्थी)<br>College Students Debate Competition<br>**विषय–** ''वन्यजीव गलियारे'' वन्यजीव –मानव द्वंद को कम करने एवं जैव विविधता को बढ़ावा देने में प्रभावी हैं''<br>**Subject-** "Wildlife corridors" are effective in reducing wildlife-human conflict and promoting biodiversity" | 9:30 AM to 11:30 AM | विहार वीथिका<br>वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल<br>Vihar Vithika Van Vihar National Park, Bhopal |
| | प्रतियोगिता–<br>''कथा वाचन'' (स्टोरी टेलिंग)<br>"Story telling"<br>विद्यालयीन छात्र–छात्राओं के लिए कक्षा (6 से 12)<br>For school students ( Class – VI to XII) | 12:00 PM to 2:.00 PM | वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल<br>जैव विविधता बोर्ड भोपाल |

**महाविद्यालयीन विद्यार्थी वाद विवाद प्रतियोगिता– दिनांक 04.10.2024** को प्रातः 09.30 से 11.30 बजे तक आयोजित होने वाली महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिये वाद–विवाद प्रतियोगिता, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल के विहार वीथिका में आयोजित की जावेगी। भाग लेने वाले सभी महाविद्यालय अपने महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों (एक पक्ष एवं एक विपक्ष में) के नाम ( छात्र एवं छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक/ शिक्षिका का नाम मोबाइल नम्बर सहित) इस कार्यालय को समक्ष में उपस्थित होकर अथवा **मेल** dirvvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** भेजने का कष्ट करें। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यार्थी को 4+1 अर्थात् 5 मिनट का समय उक्त विषय पर बोलने के लिये प्रदान किया जावेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी उक्त विषय पर हिंदी अथवा अंग्रेजी विषय में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय तीन पुरस्कार पक्ष एवं विपक्ष में पृथक–पृथक प्रदान किये जावेगें। कृपया टीप करें कि आपके महाविद्यालय से केवल एक–एक विद्यार्थी का ही नाम पक्ष एवं विपक्ष हेतु भेजना सुनिश्चित करें। केवल पक्ष या विपक्ष हेतु नामांकन स्वीकार नहीं किये जावेगें। अधिक जानकारी के लिये मोबाइल नम्बर 9826241812 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कथा वाचन प्रतियोगिता – दिनांक 04.10.2024** को दोपहर 12.00 से 02.00 बजे तक आयोजित होने वाली कथा वाचन प्रतियोगिता विद्यालयीन विद्यार्थियों के लिये वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल के विहार वीथिका में आयोजित की जावेगी। भाग लेने वाले सभी विद्यालय अपने विद्यालय के कक्षा 6वीं से 12वी तक के अधिकतम 3 विद्यार्थियों के नाम (छात्र/छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक / शिक्षिका का नाम मोबाइल नम्बर सहित) इस कार्यालय को समक्ष में उपस्थित होकर अथवा **मेल** dirvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** भेजने का कष्ट करें। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यार्थी को 4+1 अर्थात् 5 मिनट का समय कथा वाचन हेतु प्रदान किया जावेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगिता स्थल पर प्रदर्शित चित्रों से प्रेरित कथा वाचन करना होगा। कथा का निष्कर्ष तथ्यात्मक एवं वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से सार्थक होना चाहिए। कथा वाचन हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नं. 8966884924 अथवा 9990654865 पर संपर्क कर सकते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 05.10.24<br>शनिवार | पक्षी अवलोकन<br>Bird watching | 06:00 AM to 08:30 AM | वन विहार<br>Van Vihar |
| | मेंहदी प्रतियोगिता (विषय– वन्यजीव)<br>(विद्यालयीन/महाविद्यालयीन विद्यार्थियों हेतु)<br>Mehndi Competition (Subject- Wild Animal)<br>(for school / College students)<br>अधिकतम 100 प्रतिभागी<br>100 Participants maximum | 10:00 AM to 11:30 PM | वन विहार<br>Van Vihar |
| | शिक्षक वाद–विवाद प्रतियोगिता<br>Teachers debate competition<br>**विषय**– वन्यजीवन के लिए जलवायु परिवर्तन, रहवास की कमी से ज्यादा बड़ा खतरा है।<br>**Subject-** Climate change a more pressing threat to wildlife than habitat destruction. | 11:00 AM to 01:30 PM | वन विहार<br>Van Vihar<br>W.W.F. |
| | पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता (विषय – वन्यजीव)<br>Palm Painting Competition (Theme - Wild Animal)<br>(विद्यालयीन/महाविद्यालयीन विद्यार्थियों हेतु)<br>(for school / College students)<br>अधिकतम 100 प्रतिभागी<br>100 Participants maximum | 12:00 PM to 1:30 PM | वन विहार<br>Van Vihar |

**पक्षी अवलोकन शिविर** – दिनांक 05.10.2024 को प्रातः 06:00 बजे वन विहार में **निःशुल्क पक्षी अवलोकन शिविर** आयोजित होगा, जिसमें विषय विशेषज्ञ जानकारियाँ देंगे। पक्षी एवं पर्यावरण हितेषी तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र/छात्राएं अपना पंजीयन विद्यालय के माध्यम से अथवा सीधे दिनांक 28.09.2024 तक कार्यालय संचालक वन विहार में **उपस्थित होकर अथवा ईमेल** dirvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** करायेंगे । जो व्यक्ति पक्षी अवलोकन एवं जैवविविधता शिविर हेतु पंजीयन करावेगें, वह वन विहार के गेट क्रमांक–2 (भदभदा की ओर) से विहार वीथिका में उपस्थित होगें। यह शिविर सीमित संख्या (अधिकतम 60) में ही प्रतिभागियों के लिये होगा अतः **"प्रथम आएँ – प्रथम पाएँ"** के सिद्धांत पर भागीदारी दी जावेगी।

**मेंहदी प्रतियोगिता (विद्यालयीन/ महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं हेतु)** – दिनांक 05.10.2024 को प्रातः 10:00 बजे से हथेली पर मेहंदी प्रतियोगिता **विद्यालयीन/ महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं हेतु** आयोजित है। प्रतियोंगियो को अपने साथ मेहंदी तथा मेंहदी बनवाने हेतु एक सहयोगी के साथ आना होगा एवं अपने सहयोगी के एक हाथ के किसी एक ओर मेहंदी बनाना होगा। मेहंदी बनाते समय कलाई के नीचे लगभग 4 इंच तक मेहंदी बनायी जा सकेगी। प्रतियोगी ध्यान देवे कि प्रतियोगिता स्थल पर दिये निर्देशानुसार मेंहदी पूर्ण करना होगी। निर्णायक दल द्वारा द्वारा प्रतियोगिता स्थल पर दिये गये निर्देशानुसार लगाई गई मेहंदी का ही मूल्यांकन किया जावेगा। मेहंदी वन्यजीव चित्रण विषय से सम्बंधित होगी। प्रतियोगिता के दौरान दी गई समयावधि में मेहंदी लगा कर समाप्त करना होगा इसके उपरांत प्रतियोगिता स्थल पर उपलब्ध फोटोग्राफर के द्वारा उक्त मेंहदी की फोटो ली जावेगी एवं निर्णायक मण्डल के द्वारा उक्त खींचे गये फोटो के आधार पर मेहंदी का मूल्यांकन किया जायेगा। अधिकतम 100 प्रतिभागियों को **"प्रथम आएं –प्रथम पाएं"** के सिद्धांत पर प्रविष्टि दी जावेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सभी विद्यालय/महाविद्यालय, अधिकतम 3 विद्यार्थियों के नाम (छात्र/छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक/शिक्षिका का नाम मोबाइल नम्बर सहित) इस कार्यालय को समक्ष में उपस्थित होकर अथवा **मेल** dirvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** भेजने का कष्ट करें।

**शिक्षक वाद विवाद प्रतियोगिता – दिनांक 05.10.2024 को** प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होने वाली शिक्षको के लिये वाद–विवाद प्रतियोगिता, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल के विहार वीथिका में आयोजित की जावेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी महाविद्यालय अथवा विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं (एक पक्ष एवं एक विपक्ष में) के नाम नाम मोबाइल नम्बर सहित इस कार्यालय को समक्ष में उपस्थित होकर अथवा **मेल** dirvvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** भेजने का कष्ट करें। शिक्षक वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रत्येक शिक्षक को 4+1 अर्थात् 5 मिनट का समय उक्त विषय पर बोलने के लिये प्रदान किया जावेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शिक्षकों को उक्त विषय पर हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय तीन पुरस्कार पक्ष एवं विपक्ष में पृथक – पृथक प्रदान किये जावेगें। एक संस्थान से दो शिक्षक/ शिक्षिकाओं के नाम एक पक्ष एवं एक विपक्ष में होना आवश्यक है। केवल पक्ष या विपक्ष में पंजीयन मान्य नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिये मोबाइल नम्बर **9826241812** पर संपर्क कर सकते हैं।

**पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता (विद्यालयीन/ महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं हेतु)** –दिनांक 05.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे से 1.30 बजे तक पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता **विद्यालयीन/ महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं हेतु** आयोजित है। प्रतियोंगियो को अपने साथ कलर तथा पेंटिंग बनवाने हेतु एक सहयोगी के साथ आना होगा एवं अपने सहयोगी के एक हाथ के किसी एक ओर पेंटिंग बनाना होगी। पेंटिंग बनाते समय कलाई के नीचे लगभग 4 इंच तक पेंटिंग बनायी जा सकेगी। प्रतियोगी ध्यान देवे कि प्रतियोगिता स्थल पर दिये निर्देशानुसार पेंटिंग पूर्ण करना होगी। निर्णायक दल द्वारा प्रतियोगिता स्थल पर दिये गये निर्देशानुसार बनी पेंटिंग का ही मूल्यांकन किया जावेगा। पेंटिंग वन्यजीव चित्रण विषय से सम्बंधित होगी। प्रतियोगिता के दौरान दी गई समयावधि में पेंटिंग समाप्त करना होगी इसके उपरांत प्रतियोगिता स्थल पर उपलब्ध फोटोग्राफर के द्वारा उक्त पेंटिंग की फोटो ली जावेगी एवं निर्णायक मण्डल के द्वारा उक्त खींचे गये फोटो के आधार पर पेंटिंग का मूल्यांकन किया जायेगा। विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालय, के अधिकतम 3 विद्यार्थियों के नाम ( छात्र/ छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक/शिक्षिका का नाम मोबाइल नम्बर सहित) दिनांक 28.09.2024 तक कार्यालय संचालक वन विहार समक्ष में उपस्थित होकर अथवा **मेल** dirvvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** भेजने का कष्ट करें। अधिकतम 100 प्रतिभागियों को **"प्रथम आएं –प्रथम पाएं"** के सिद्धांत पर प्रविष्टि दी जावेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 07.10.24<br>सोमवार | टोडलर वॉक (कक्षा नर्सरी से कक्षा पहली तक)<br>Toddler Walk ( Class nursery to Class 1st)<br>(विषय– वन्यजीव)(Theme - Wild Animal)<br>फेस पेंटिंग प्रतियोगिता (विषय– वन्यजीव) विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं हेतु (अधिकतम 30)<br>Face Painting Competition (Theme - Wild Animal) For School and college students (Maximum 30) | 10.00 AM – 11:00 AM<br><br>10.00 AM – 11.00 AM | वन विहार<br>Van Vihar |
| | पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह<br>Prize distribution & Closing ceremony | 11:30 AM –01:00 PM | वन विहार<br>Van Vihar |

**टोडलर वॉक प्रतियोगिता** – 7 अक्टूबर, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से **कक्षा नर्सरी से कक्षा 1 तक** के छात्र–छात्राओं के लिये वन्यजीव थीम पर आधारित टोडलर वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा इसमें अधिकतम 30 प्रविष्टियां आमंत्रित की जा रही है जिसमें एक विद्यालय से केवल 02 प्रविष्टियां ही मान्य होंगी। इस हेतु विभिन्न विद्यालयों के अधिकतम 2 विद्यार्थियों के नाम ( छात्र/छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक / शिक्षिका का नाम मोबाइल नम्बर सहित) दिनांक 28.09.2024 तक कार्यालय संचालक वन विहार समक्ष में उपस्थित होकर अथवा **मेल** dirvvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** भेजने का कष्ट करें। यह प्रतियोगिता **"प्रथम आएं प्रथम पाएं"** के सिद्धान्त पर है।

**फेस पेंटिंग प्रतियोगिता** – फेस पेंटिंग प्रतियोगिता **विद्यालयीन/ महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं** के लिये वन्यजीव थीम पर आधारित है। इस प्रतियोगिता हेतु अधिकतम 30 छात्रों/छात्राओं की टीम (प्रति टीम दो व्यक्ति) हेतु प्रविष्टियॉ आमंत्रित की जा रही हैं जिसमें एक विद्यालय/महाविद्यालय से केवल 02 प्रविष्टियां ही मान्य होंगी। इस हेतु विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों के अधिकतम 2 विद्यार्थियों के नाम ( छात्र/छात्राओं का नाम कक्षा तथा समन्वयक शिक्षक/शिक्षिका का नाम मोबाइल नम्बर सहित) दिनांक 28.09.2024 तक कार्यालय संचालक वन विहार समक्ष में उपस्थित होकर अथवा **मेल** dirvvnp.bpl@mp.gov.in **के माध्यम से** भेजने का कष्ट करें। यह प्रतियोगिता **"प्रथम आएं प्रथम पाएं"** के सिद्धान्त पर है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी को अपने साथ एक व्यक्ति लाईव मॉडल के रूप में अपना साथी साथ में लाना अनिवार्य होगा। सभी प्रतियोगियों को प्रतियोगिता स्थल पर दिये गये निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

01 से 07 अक्टूबर 2024 तक विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी वन विहार स्थित विहार विथिका में लगाई जावेगी। इस प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु भोपाल स्थित महाविद्यालयों/विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को वैध आई कार्ड दिखाने पर प्रवेश द्वार क्रमांक 02 से निशुल्क पैदल प्रवेश दिया जावेगा।

अन्य जानकारी के लिये नीचे दर्शाये व्यक्तियों/कार्यालयों/दूरभाषों पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है:-

| | मोबाइल |
|---|---|
| सहायक संचालक एवं कार्यक्रम समन्वक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल | 9424790615 |
| इकाई प्रभारी पर्यटन रेंज ऑफीसर, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल | 9424790611 |
| सहायक समन्वयक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल | 9424790613 |

हमें विश्वास है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 01 से 07 अक्टूबर 2024 के दौरान आयोजित होने वाली समस्त प्रतियोगिताओं में आप अपनी संस्था के विद्यार्थियों को प्रेरित कर भागीदारी करने के लिये आवश्यक पहल करने का कष्ट करेंगे, ताकि समस्त प्रतिभागी वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अन्य आमजनों के मध्य जागरूकता विकसित कर सकें।

Ameera

**संचालक**
**वन विहार राष्ट्रीय उद्यान–भोपाल**

**पृ0कमांक/प्रबंध/** 2786

**भोपाल,दिनांक/** 11/09/2024

**प्रतिलिपिः**

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख म.प्र., वन भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.), म.प्र. भोपाल, वन भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ईको पर्यटन विकास बोर्ड, ऊर्जा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. सदस्य सचिव, जैव विविधता बोर्ड, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. राज्य अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. मुख्य वन संरक्षक, भोपाल वृत्त, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. वन संरक्षक, सामान्य वनमण्डल, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
8. राज्य संचालक डब्लू.डब्लू.एफ.इंडिया रेवा बिल्डिंग पर्यारण परिसर ई–5 अरेरा कालोनी भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. अतिरिक्त संचालक, महाविद्यालयीन शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। कृपया अपने अधीनस्थ महाविद्यालयों को इस संबंध में अपने स्तर पर सूचित करने का कष्ट करें।
10. जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित। कृपया भोपाल शहर में स्थित विद्यालयों को इस संबंध में अपने स्तर पर सूचित करने का कष्ट करें।
11. सहायक संचालक, वन विहार रा.उ. भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
12. इकाई प्रभारी, पर्यटन, सफारी, प्रबंधन, वन विहार रा.उ. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

Ameera

**संचालक**
**वन विहार राष्ट्रीय उद्यान–जू, भोपाल**

10/09/24